संपादकीय

# सरंक्षण या सरकार का शिकंजा?

संदेह है कि प्रस्तावित डेटा संरक्षण कानून से नागरिकों के डेटा का संरक्षण तो नहीं होगा, उलटे सूचना का उनका कानूनी अधिकार जरूर सीमित हो जाएगा। आरटीआई के तहत अब तक मांगी जा सकने वाली कई सूचनाएं अब सार्वजनिक होने से बच जाएंगी।

केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में डेटा प्रोटेक्शन बिल को ध्वनि मत से पास करा लिया। राज्यसभा से भी यह बिल पास हो जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन विधेयक को पारित कराते हुए सरकार ने विपक्ष और इस क्षेत्र के जानकारों की चिंताओं का निवारण करने की कोशिश नहीं की है। जबकि यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि प्रस्तावित कानून से नागरिकों के डेटा का संरक्षण तो नहीं होगा, उलटे सूचना का उनका कानूनी अधिकार जरूर सीमित हो जाएगा। बिल में प्रावधान कर दिया गया है कि सरकारी पदाधिकारियों का डेटा को संरक्षित किया जाएगा। इस तरह आरटीआई के तहत अब तक मांगी जा सकने वाली कई सूचनाएं अब सार्वजनिक होने से बच जाएंगी। दूसरी तरफ बिल में केंद्र सरकार को कई तरह की छूट दी गई है। इसके तहत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, व्यवस्था बनाए रखने जैसे मामलों में डेटा सुरक्षा के नियम पालन के लिए बाध्य नहीं होगी और लोगों की व्यक्तिगत जानकारियों का इस्तेमाल कर सकेगी। उधर ऑनलाइन कंपनियों की मुश्किल भी बढ़ेगी।

बिल में कहा गया है कि अगर किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को डेटा सुरक्षा से जुड़े मामले में दो बार सजा सुनाई जाती है, तो इसके बाद सरकार उसे भारत में बैन करने पर भी विचार कर सकती है। डेटा सुरक्षा के उल्लंघन के मामलों में 2.5 अरब रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित कानून पत्रकारों के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी करेगा। पत्रकार संगठनों का कहना है कि कई मौकों पर पत्रकारों को लोगों की व्यक्तिगत जानकारियां सार्वजनिक करनी पड़ती हैं। इस बिल के कानून बनने के बाद ऐसा करना जोखिम भरा हो जाएगा। पत्रकारों और मीडिया घरानों पर इस कानून के तहत कार्रवाई का खतरा मंडराता रहेगा। सरकार का दावा है कि यह कानून नागरिकों के डेटा को संरक्षित करने के लिए बनाया जा रहा है। मगर बिल के प्रावधानों से ऐसा भरोसा नहीं बंधा है। बेहतर होता कि सरकार सभी हित-धारकों की चिंताओं का निवारण करने के बाद यह बिल संसद में लाती। लेकिन आज के दौर में ऐसी अपेक्षा करना कुछ ज्यादा मांगने जैसा हो गया है।

# आरबीआई ने दी बड़ी राहत, रेपो रेट में नहीं किया इजाफा; 6.5 प्रतिशत पर स्थिर




**मुंबई।** महंगाई को लक्षित दायर में रखने के लक्ष्य पर नजर टिकाये रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज विकास अनुमान को यथावत बनाये रखने और महंगाई के अनुमान को बढ़ाते हुये नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया, जिससे आम लोगों के घर, कार और अन्य प्रकार के ऋणों की किस्तों में बढोतरी नहीं होगी। समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है।

चालू वित्त वर्ष में तीसरी द्विमासिक तीन दिवसीय बैठक के बाद आज जारी बयान में यह घोषणा की गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुये कहा कि फिलहाल नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं की जा रही है लेकिन नीतिगत दरों को यथावत बनाये रखने के बीच समिति ने समयोजन वाले रूख से पीछे हटने का निर्णय लिया है।

समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में आयी सुस्ती के बीच सशक्त और मजबूत बना हुआ और यह महंगाई को काबू में करने में सक्षम है।। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है। इसके आधार पर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में छह प्रतिशत और चौथी तिमाही में यह 5.7 प्रतिशत रह सकती है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत रह सकती है।

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक पूरा ध्यान महंगाई को चार प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाने का है। उन्होंने कहा कि टमाटर की कीमतों में उछाल के साथ ही अनाज और दालों की कीमतों में आयी तेजी से महंगाई बढ़ी है लेकिन अब सब्जियों की कीमतों में कमी आने का पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया गया है। दूसरी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.7 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 5.2 प्रतिशत रह सकती है।

# बीसीसीआई ने 1,159 करोड़ रुपए आयकर भुगतान किया



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1,159 करोड़ रुपये का आयकर चुकाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने पिछले पांच वर्षों में दायर रिटर्न के आधार पर बीसीसीआई द्वारा भुगतान किए गए आयकर और उसकी आय एवं व्यय का विवरण भी पेश किया।

आयकर में यह वृद्धि 2019-20 में गिरावट के बाद हुई थी, जिसके बाद इसकी आय में भी कमी आई थी, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान क्रिकेट कई महीनों के लिए निलंबित था और जब आयोजित किया गया, तो बायो-बबल के कारण खर्च बढ़ गया।

वित्तवर्ष 2020-21 में बीसीसीआई ने आयकर में 844.92 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो 2019-20 में भुगतान किए गए 882.29 करोड़ रुपये से कम है। वित्तीय वर्ष 2019 में, बोर्ड ने कर के रूप में 815.08 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो 2017-18 में भुगतान किए गए 596.63 करोड़ रुपये से अधिक है।

वित्तवर्ष 2021-22 में बीसीसीआई ने 7,606 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया, जबकि उसका खर्च 3,064 करोड़ रुपये के करीब रहा।

बीसीसीआई ने वित्तवर्ष 2021-22 में 7,606 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जबकि उसका खर्च करीब 3,064 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2020-21 में उसकी आय 4,735 करोड़ रुपये और व्यय 3,080 करोड़ रुपये था।

# छोटे डिजिटल भुगतान की सीमा बढ़कर 500 रुपए : आरबीआई

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा देने के लिए छोटे डिजिटल भुगतान की सीमा 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन कर दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक बैठक के बाद कहा कि नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) और यूपीआई लाइट सहित ऑफलाइन मोड में छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए आरबीआई ने प्रति लेनदेन 200 रुपये की सीमा और 2000 रुपये की समग्र सीमा निर्धारित की है।

इस मोड से लेनदेन का चलन तेजी से बढ़ने के बाद से लगातार ट्रांजेक्शन सीमा में बढ़ोतरी किये जाने की मांग होती रही है। भुगतान के इस तरीके को व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित करने और अधिक उपयोग के मामलों को इस मोड में लाने के लिए अब प्रति ट्रांजेक्शन सीमा को बढ़ाकर 500 रुपये करने का प्रस्ताव है।

# एशिया में चावल की कीमतें 15 साल में उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली ।** वैश्विक आपूर्ति पर बढ़ती चिंताओं के कारण एशिया में चावल की कीमतें लगभग 15 वर्षों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। शुष्क मौसम के कारण थाईलैंड में उत्पादन पर खतरा है और भारत ने इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके चलते चावल की कीमतें लगभग 15 वर्षों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। मीडिया रिपोर्टों में ये जानकारी दी गई है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि थाई राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 5 प्रतिशत टूटा हुआ थाई सफेद चावल बढ़कर 648 डॉलर प्रति टन हो गया है, जो अक्टूबर 2008 के बाद से सबसे महंगा है।

पिछले वर्ष की कीमतों में ये लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चावल एशिया और अफ्रीका के अरबों लोगों का मुख्य भोजन है और कीमतों में बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ सकता है और खरीददार देशों के लिए आयात बिल बढ़ सकता है।

आपूर्ति के लिए नवीनतम ख़तरा दूसरे सबसे बड़े निर्यातक थाईलैंड से है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी किसानों को ऐसी फसलें अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है क्योंकि अल नीनो की शुरुआत के साथ थाईलैंड में शुष्क परिस्थितियां हैं।

चावल के प्रमुख केंद्रीय उत्पादक क्षेत्र में कुल वर्षा सामान्य से 40 प्रतिशत कम है और रोपण पर अंकुश लगाने का मकसद पानी का संरक्षण करना है। सरकार ने पहले उत्पादकों से इस वर्ष केवल एक फसल काटने के लिए कहा था।

पिछले महीने, भारत ने घरेलू आपूर्ति की सुरक्षा के लिए निर्यात को बैन कर दिया, जिससे कुछ देशों में चावल की खरीददारी बढ़ गई। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में बढ़ती खपत के बीच वैश्विक कमी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

कीमतों में बढ़ोतरी से वैश्विक खाद्य बाजारों में तनाव बढ़ेगा जो कि खराब मौसम और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते काला सागर क्षेत्र से अनाज की आपूर्ति में कमी के कारण प्रभावित हुआ है।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी - भारत की पुरुष हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया



**चेन्नई ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के अपने अंतिम ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया।

इस प्रभावशाली जीत के साथ भारत तालिका में शीर्ष पर रहा और सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर मौजूद जापान से भिड़ेगा।

भारतीय टीम की जीत हरमनप्रीत सिंह (15', 23') के दो गोलों से हुई, जबकि जुगराज सिंह (36') और आकाशदीप सिंह (55') ने भी महत्वपूर्ण गोल करके जीत पर मुहर लगा दी।

पहले क्वार्टर की शुरुआत पिच के दोनों सिरों पर हाई ऑक्टेन एक्शन के साथ हुई। दूसरे ही मिनट में पाकिस्तान के पक्ष में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर पाठक ने सुफियान के ज़हरीले हमले को रोक दिया।

तेजी से संभलते हुए भारतीय हमलावर लगातार पाकिस्तानी घेरे में घुसते हुए आगे बढ़े। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनटों में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 15वें मिनट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बढ़त दिलाने के लिए एक सिग्नेचर ड्रैग फ्लिक मारा।

भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में अपनी लय बरकरार रखी। पाकिस्तान की धमकी भरी चाल को पीआर श्रीजेश ने विफल कर दिया, जब वह 21वें मिनट में अफ़राज़ के पास को पटरी से उतारने के लिए अपनी लाइन से बाहर आ गए। इसके तुरंत बाद विवेक सागर ने गोल पर एक शक्तिशाली शॉट लगाया जो पाकिस्तानी रक्षा के पैरों से टकराकर चूक गया, जिसके परिणामस्वरूप एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला।आगामी इंजेक्शन को 23वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने कुशलतापूर्वक बदलकर अपना ब्रेस पूरा किया और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पक्ष में स्कोर 2-0 कर दिया। ब्रेक में दोनों टीमें 2-0 के स्कोर के साथ गईं।तीसरे क्वार्टर की शुरुआत पाकिस्तान घाटे को कम करने के लिए उत्सुकता के साथ हुई, लेकिन भारतीय रक्षा को मात देने में असमर्थ रहा।

# रियल कबड्डी लीग-3 सितंबर में, भारत के युवा आइकन रणविजय सिंह ने ली हिस्सेदारी



**इंदौर।** भारत के युवा आइकन और आंत्रप्रेन्योर रणविजय सिंह एक स्टेकहोल्डर और ब्रांड प्रमोटर के रूप में रियल कबड्डी लीग से जुड़े हैं। वे इसके प्रचार को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष रूप से योगदान देंगे। लीग में उनके शामिल होने से इसके सुदृढ़, गतिशील और मनोरंजक होने की उम्मीद काफी बढ़ गई है।

पिछले सीजऩ में भी रणविजय ने रियल कबड्डी लीग में अपनी हिस्सेदारी दिखाई थी। इस बार न सिर्फ इन्वेस्टर, बल्कि एक ब्रांड प्रमोटर की भूमिका निभाकर भी वे लीग से अपने रिश्ते को और भी अधिक मजबूत कर रहे हैं। रियल कबड्डी के सीजऩ 3 की शुरुआत सितंबर के आखिर में होना तय है। रणविजय की लीग में हिस्सेदारी के तहत इसे सिर्फ दर्शकों का एक नया समूह ही नहीं मिलेगा, बल्कि अधिक से अधिक ब्रांड्स और विज्ञापनदाता भी इसके प्रति आकर्षित होंगे। लीग से एक बार फिर से जुडऩे को लेकर उत्साहित रणविजय सिंह ने कहा, मैं रियल कबड्डी शुरू से ही देखता रहा हूँ और मुझे लगता है कि लीग में सबकी भूमिका काफी शानदार रही है। मैं इस खेल का बहुत बड़ा फैन हूँ। मेरा ऐसा मानना है कि क्रिकेट के बाद यदि कोई लीग लोकप्रिय हो सकती है, तो वह सिर्फ और सिर्फ कबड्डी है। मेरे लिए इस लीग का हिस्सा बनना किसी सपने के पूरा होने से कम नहीं है, क्योंकि मैं हमेशा से भारत में लीग पर आधारित किसी खेल का हिस्सा बनना चाहता था।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए शुभम चौधरी ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि रणविजय वास्तव में बहुत बड़े कबड्डी फैन हैं। मुझे खुशी है कि वे सिर्फ एक इन्वेस्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि ब्रांड प्रमोटर के रूप में भी लीग के साथ जुड़ रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनका यह साथ, हमें और भी अधिक लोगों से जुडऩे में सक्षम बनाएगा। हम खेल के साथ ही साथ मनोरंजन को भी बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही युवाओं से इससे गहनता से जुडऩे का अनुरोध करते हैं। हम यह दर्शाने के लिए तत्पर हैं कि भारत के युवा आइकन से बेहतर इस लीग में और कोई नहीं हो सकता हैं।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, आपका काम सफल होगा।

***वृष-*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आप अपने मेहनत के दम पर धन लाभ के नये रास्ते खोलेंगे। आपको जीवन में आगे बढऩे के लिए नई योजनाएँ बनानी चाहिए।

***मिथुन-*** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आप ऑफिस में दूसरों के सामने अपना मत रखने में सफल होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

***कर्क-*** आज आपके कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव आएंगे। आज शाम को आप किसी फ्रेंड के बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज माता पिता की जिम्मेदारियां कम करने का प्रयास करेंगे।

***सिंह-*** आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिलेगी।

***कन्या-*** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। आर्थिक पक्ष आज पहले से मजबूत रहेगा। कार्यों में आज माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आपके मन में नए-नए विचार आएंगे।

***तुला-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। सीनियर्स से आज आपको कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आपके करियर में अचानक बदलाव आयेगा, जिससे आपको धन लाभ होगा।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। अपने दोस्तों के साथ ख़ुशी के पल बिताएंगे। इस राशि की महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।


***धनु-*** आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज आप किसी दोस्त के घर डिनर के लिए जायेंगे। व्यापारी वर्ग को आज फायदा होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

***मकर-*** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। ऑफिस में भी काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा, जिससे आप रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे।

***कुंभ-*** आज आपका दिन लकी रहेगा। आप सकारात्मक विचारों के साथ काम को आसानी से पूरा करेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी ऐसे रिश्तेदार के यहां से निमंत्रण आयेगा, जहां आप बहुत दिनों से न जा पाये हों।

***मीन-*** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा। परिवार के साथ मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

# फिल्म डॉन 3 से आउट हुआ रणवीर सिंह का लुक




फरहान अख्तर की आगामी फिल्म डॉन 3 पिछले काफी समय से चर्चा में है।डॉन फ्रेंचाइजी की पिछली दोनों फिल्मों के हिट होने के बाद इसका तीसरा भाग आने वाला है। बीते दिन निर्माता फरहान ने डॉन 3 की आधिकारिक घोषणा की थी, अब निर्माताओं ने ऐलान किया कि अभिनेता रणवीर सिंह नई पीढ़ी के डॉन बनने के लिए तैयार हैं।बता दें, शाहरुख खान की डॉन 2006 में आई थी, वहीं डॉन 2 2011 में रिलीज हुई थी। फरहान ने ट्विटर पर डॉन 3 से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक नए युग की शुरुआत।वीडियो में रणवीर की झलक देखने को मिल रही है। डॉन 3 साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खबर है कि फिल्म का टीजर सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म गदर 2 के साथ स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में आएगा।सबसे पहले अमिताभ बच्चन की डॉन 1978 में आई थी, जो जी5 पर उपलब्ध है।

डॉन फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2006 में आई थी। 38 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। डॉन 2 2011 में आई और इसने 203 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए।फरहान ने अपने प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटेरटेनमेंट के बैनर तले डॉन और डॉन 2 बनाई थीं।वह दोनों फिल्मों के निर्देशक भी थे, वहीं रितेश सिद्धवानी ने फरहान के साथ मिलकर इन फिल्मों के प्रोडक्शन का काम संभाला था।


# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी का नया पोस्टर जारी, जी5 पर होगी रिलीज




बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें वह एक किन्नर के किरदार में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म हड्डी का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें उन्हें पहचान पाना काफी मुश्किल हो रहा है। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।इस फिल्म का निर्देशन अक्षत अजय शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

जी5 ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म हड्डी का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ड्रमरोल। 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए तैयार हो जाइए। हड्डी जल्द ही जी5 पर आ रही है।जी स्टूडियोज के साथ मिलकर आनंदिता स्टूडियोज ने हड्डी का निर्माण किया है।

# बढ़ रहा वजन तो हो जाइए सावधान



शरीर का वजन ज्यादा कम या ज्यादा बढऩा दोनों ही सेहत के लिए ठीक नहीं है. अंडरवेट होने से कमजोरी आती है और ओवरवेट होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है. वजन बढऩा हार्ट फेल होने का संकेत भी हो सकता है. इससे कई और गंभीर बीमारी हो सकती है. वजन बढऩा तब और खतरनाक हो सकता है, जब हफ्तेभर में ही काफी तेजी से बढ़ जाए. आइए जानते हैं एक हफ्ते में कितना वजन बढ़ जाना ज्यादा माना जाता है.

**इतना वजन बढऩा दिल के लिए खतरनाक-** रिपोर्ट के अनुसार, अगर एक हफ्ते में 2.2 किलोग्राम से ज्यादा वजन बढड जाए या एक दिन में 1 से 1.5 किलो वजन बढ़ जाए तो हार्ट फेल भी हो सकता है. इससे दिल का कामकाज प्रभावित होता है और शरीर में पानी भरने लगता है.

**किडनी खराब हो सकता है-** अचानक से वजन का बढऩा किडनी की सेहत के लिए भी खतरनाक है. इससे किडनी सही तरह से काम नहीं कर पाता है और शरीर में पानी भरने लगता है. इसके चलते शरीर में सूजन और तेजी से वजन बढऩे जैसे लक्षण दिखने लगते हैं. इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.

**लिवर सिरोसिस का खतरा-** बहुत तेजी से पेट निकलना लिवर सिरोसिस से हुई सूजन भी हो सकती है. इसमें लिवर तेजी से खराब हो सकता है. शराब का ज्यादा सेवन, हेपेटाइटिस या कोई दूसरी बीमारी भी लिवर सिरोसिस का कारण बन सकती है.


**ओवेरियन कैंसर-** अगर महिलाओं में तेजी से वजन बढ़ रहा है तो ये कैंसर के लक्षण हो सकते हैं. इससे ओवेरियन कैंसर में वेट गेन या ब्लोटिंग की समस्या भी हो सकती है. इसके साथ पेट में दर्द, नींद न आना, बार-बार पेशाब लगना,, भूख न लगना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं.

**थायराइड की प्रॉब्लम-** जब शरीर में थायराइड हॉर्मोन कम बनने लगता है तो वजन तेजी से बढ़ता है. ये बीमारी मेटाबॉलिज्म को स्लो कर देती है, जिससे बॉडी का फैट बढ़ जाता है और उसमें पानी भरने लगता है.

## शब्द सामर्थ्य- 152

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 151 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू- 152

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.151 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |